वर्ष - 3 , अंक - 132
छपरा
13 अप्रैल सोमवार 2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




# सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

## चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में भर्ती थीं, राजकीय सम्मान के साथ आज होगा अंतिम संस्कार होगा

**मुबई ,एजेंसी।** सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था।

ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर के कारण उनका निधन हुआ।

डॉ. प्रतीत समदानी ने PTI को बताया कि आशा भोसले को मल्टी ऑर्गन फैल्योर हुआ, यानी उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

12,000 से ज्यादा गाने गाए आशा भोसले ने अपने करियर में 14 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी सदाबहार हैं।

आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।

### निधन पर ममता बनर्जी ने दुख जताया



ममता बनर्जी ने कहा कि आशा भोसले एक अद्भुत और प्रेरणादायक सिंगर थीं, जिन्होंने पीढ़ियों तक लोगों के दिलों पर राज किया। उन्होंने यह भी कहा कि आशा भोसले ने कई बंगाली गीत भी गाए और बंगाल में भी वह बेहद लोकप्रिय थीं। वर्ष 2018 में उन्हें राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बंग विभूषण से सम्मानित किया गया था। ममता बनर्जी ने उनके परिवार, संगीत जगत और दुनिया भर में मौजूद उनके करोड़ों प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### कैलाश खेर बोले- आशा जी हमेशा बेहद विनम्र और मिलनसार रहीं



सिंगर कैलाश खेर ने दैनिक भास्कर के साथ बातचीत में आशा भोसले के निधन पर दुख जताते हुए कहा, 'मैंने उनके साथ एक महीने का यूएस-कनाडा टूर किया, जो हमेशा याद रहेगा। इतनी सीनियर होने के बावजूद वह पूरे समय बेहद विनम्र और मिलनसार रहीं। उन्होंने कभी अपनी वरिष्ठता का घमंड नहीं किया। उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा।'

### पीएम मोदी ने बोले- आशा भोसले की आवाज हमेशा गूंजती रहेगी



नरेंद्र मोदी ने आशा भोसले के निधन पर कहा, 'भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनका असाधारण संगीत सफर, जो दशकों तक चला, हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता रहा और दुनिया भर के अनगिनत दिलों को छू गया। चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएं, उनकी आवाज में एक कालातीत चमक थी। मैं उनके साथ हुई मुलाकातों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के साथ हैं। वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के जीवन में गूंजते रहेंगे।'

### नितिन गडकरी बोले- हमारा रिश्ता बेहद खास था

मंत्री नितिन गडकरी ने आशा भोसले के निधन पर कहा, 'आशा ताई और मेरे बीच कई वर्षों से बेहद करीबी संबंध रहे हैं। उन्होंने कई भाषाओं में अनेक गीत गाए, जो आज भी पूरी दुनिया में लोकप्रिय हैं। वह वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध थीं। जिस तरह लता दीदी ने अपने गायन से देश का नाम रोशन किया, उसी तरह आशा ताई ने भी देश को गौरवान्वित किया। उनका निधन उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा आघात है। हम सभी बेहद दुखी हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति दे और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे।'

# राजस्थान-म.प्र.-यूपी समेत 16 राज्यों में आज से बढ़ेगी गर्मी

### मनाली में बर्फबारी, पारा माइनस 7 डिग्री पहुंचा; जम्मू में बवंडर उठा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, यूपी-एमपी, दिल्ली, गुजरात समेत देश के 16 राज्यों में इस हफ्ते पारा 40डिग्री तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, ओडिशा में 2 दिन बाद लू चलने की आशंका है।

हालांकि, रविवार को केरल, कर्नाटक, सिक्किम, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, असम, मेघालय, अरुणाचल, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में बारिश का अलर्ट है।

शनिवार शाम को अटल टनल और मनाली के आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। शनिवार रात मनाली में तापमान माइनस 7डिग्री तक गिर गया।

इधर, जम्मू के अखनूर एक बवंडर देखा गया। यह दुर्लभ घटना एक खुले मैदान में लगभग 10 मिनट तक चली। किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, 57 दिन चलेगी

### पहला जत्था 1 जुलाई को रवाना होगा, 15 अप्रैल से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन



**श्रीनगर,एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि इस साल 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी। 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए पहला जत्था 1 जुलाई को रवाना होगा। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे। LG सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए लोक भवन में मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र के तीर्थयात्री यात्रा कर सकते हैं। यात्रा अनंतनाग से पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और गांदरबल से 14 किमी लंबे बालटाल रूट से होगी।

**देशभर में 556 बैंक ब्रांच से होगा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन :** LG सिन्हा ने बताया कि देशभर में लगभग 556 तय बैंक शाखाओं के जरिए यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है, जबकि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी होगा।

रजिस्ट्रेशन के लिए यस बैंक, ICICI बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक की ब्रांचेस में यात्रा के रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध रहें।

### मोदी बोले: टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए

# अब 15 साल का हिसाब देना होगा सिलीगुड़ी की जनसभा उनकी नींद उड़ा देगी



**नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि चुनाव के बाद बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा टीएमसी की नींद उड़ा देगी।

पीएम का आज पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन है। वे सिलीगुड़ी में जनसभा कर रहे थे। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा- TMC ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन यहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने भ्रष्ट के निर्मम शासन काल में इतने सालों में पश्चिम बंगाल की बर्बादी देखी है। उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा।

सभा के दौरान पीएम ने CAA (नागरिकता (संशोधन) अधिनियम) का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि TMC की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने CAA की मदद से आपको वोटिंग की गारंटी दी है।

चाय उत्पादकों पर उन्होंने कहा कि असम आपके पड़ोस में है और वहां की भाजपा सरकार ने चाय बागान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर महत्वपूर्ण काम किया गया है और श्रमिकों को भूमि पट्टे दिए जा रहे हैं। बंगाल में भी श्रमिक परिवारों को भूमि पट्टे दिए जाएंगे।

### पीएम ने शनिवार को सिलीगुड़ी में रोड शो किया था

इससे पहले पीएम ने शनिवार को बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के कटवा, मुर्शिदाबाद के जंगीपुर और दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी में तीन रैलियों को संबोधित किया था। फिर देर शाम सिलीगुड़ी पहुंचकर पीएम ने रोड शो किया था।

### ईरान-अमेरिका की 21 घंटे चली बातचीत बेनतीजा:

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले उन्हें फाइनल ऑफर दिया

### ईरान बोला- ट्रम्प की शर्तें ज्यादा सख्त



इस्लामाबाद,एजेंसी। पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है। वेंस अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। लौटने से पहले उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना डील के लौट रहा है। यह अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना। वेंस ने यह भी कहा कि आगे समझौते की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, 'हम उन्हें फाइनल ऑफर देकर जा रहे हैं। अब देखना है कि ईरान इसे मानता है या नहीं।'

# 100 की स्पीड में बस ने पिकअप को उड़ाया, 13 मौतें

### कटिहार में सड़क पर बिखरीं लाशें ; बाइक सवार को रौंदकर भाग रहा था बस ड्राइवर



**कटिहार,एजेंसी।** बिहार के कटिहार में शनिवार देर शाम बस और पिकअप की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं। मृतकों में 10 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्ची है। इसमें 11 मृतक पूर्णिया जिले के रहने वाले थे, जबकि दो कटिहार के हैं। हादसे में 32 से ज्यादा घायल हैं। इनमें 8 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा कटिहार के कोढ़ा ब्लॉक में हा-31 पर हुआ। बस से टक्कर के बाद लोगों के शव सड़क पर बिखर गए। चश्मदीद ने बताया कि हादसे के वक्त ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। गाड़ी की स्पीड भी 100 से ज्यादा थी। बस ड्राइवर ने पहले एक बाइक को उड़ाया इसके बाद पिकअप से टक्कर हुई। पिकअप सवार सभी झारखंड से मेला देखकर लौट रहे थे। हादसे के बाद ष्टरू ने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद का ऐलान किया है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'शनिवार देर शाम हम कटिहार के आसपास थे। अचानक से तेज आवाज आई, जैसे बम फटा हो। कुछ भी समझ नहीं आया। सड़क पर लाशें बिछ गई। हमारे पिकअप का ड्राइवर स्टीयरिंग में फंस गया। लोगों ने रॉड से स्टीयरिंग सीधी कर उसके शव को बाहर निकाला। बस की स्पीड 100 से ज्यादा थी। उसने पहले 2 बाइक सवारों को टक्कर मारी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### देश में करीब ढाई करोड़ यूट्यूब चैनल्स

# सिर्फ 30 लाख ही प्रोफेशनल, कई गलत सलाह या कॉपी-पेस्ट वाला कंटेंट फैला रहे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश में लगभग 2.5 करोड़ एक्टिव यूट्यूब चैनल्स में से महज 30 लाख ही प्रोफेशनल हैं, बाकी करोड़ों चैनलों में से कई बिना नियमन या कमाई के गलत सलाह या कॉपी-पेस्ट वाला कंटेंट फैला रहे हैं। इन्फ्लुएंसर ट्रस्ट रिपोर्ट के मुताबिक देश में यूट्यूब के हर महीने करीब 50 करोड़ एक्टिव यूजर्स है। अब यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक डॉक्टर, मैकेनिक, जिम ट्रेनर और कानूनी सलाहकार तक बन चुका है।

यदि इन चैनलों पर बताई गई किसी सलाह से किसी को नुकसान हो जाए तो न्याय पाने का रास्ता इतना पेचीदा है कि अपराधी साफ बच निकलता है। देश में हर 10 में से 7 लोग यूट्यूब की सलाह पर भरोसा करते हैं, जिनमें से 60% उसे बिना क्रॉस-चेक किए सही मान लेते हैं।

### अमरावती प्रोजेक्ट में पैसा बरसा:

# विश्व बैंक ने जारी किए 340 मिलियन डॉलर, अप्रैल में और निवेश से बढ़ेगी रफ्तार




**मुंबई , एजेंसी।** आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती के विकास कार्यों को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से बड़ी आर्थिक सहायता मिल रही है। विश्व बैंक ने अब तक अमरावती कैपिटल फेज-1 के लिए 340 मिलियन अमेरिकी डॉलर जारी कर दिए हैं। वहीं, अप्रैल के अंत तक अतिरिक्त 130 से 150 मिलियन डॉलर मिलने की संभावना जताई जा रही है।

राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यह फंडिंग विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) की संयुक्त योजना का हिस्सा है, जिसके तहत कुल 1,600 मिलियन डॉलर (800-800 मिलियन डॉलर प्रत्येक संस्था से) का निवेश किया जाना है।

**ब्याज दर और फंडिंग मॉडल**

अधिकारियों ने बताया कि इस ऋण पर लगभग 8 से 8.5 प्रतिशत ब्याज दर लागू होगी, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार दरों के अनुसार बदलती रहेगी। विश्व बैंक के अनुसार, यह परियोजना 'परफॉर्मेंस बेस्ड फंडिंग मॉडल' पर आधारित है, जिसमें धनराशि तय मील के पत्थरों को हासिल करने के बाद जारी की जाती है, न कि तय समय सारणी के आधार पर।

**अमरावती को आधुनिक शहर बनाने की योजना :** इस योजना का उद्देश्य अमरावती को एक आधुनिक, निवेश-आकर्षक और रोजगार सृजन करने वाला शहर बनाना है। इसके लिए शासन व्यवस्था को मजबूत करने और शहरी ढांचे के विकास पर काम किया जा रहा है। इसके तहत सड़क नेटवर्क, आवास परियोजनाएं, जल आपूर्ति, सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम जैसे बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से किया जा रहा है। परियोजना के तहत युवाओं और महिलाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि वे नए शहर में पैदा होने वाले रोजगार अवसरों का लाभ उठा सकें।

## सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले का निधन देश के लिये अपूरणीय क्षति- मुख्यमंत्री

**दैनिक खोज खबर/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. आशा भोसले प्रख्यात पार्श्व गायिका थीं। उन्हें पद्म विभूषण तथा दादा साहब फाल्के जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में याद रखेंगी, जिनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी। उनका जाना भारतीय संगीत के एक युग का अंत है। उनका निधन देश के लिये अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## आशा भोंसले का गायन केवल सुरों का संयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृतियों का जीवंत आईना है

**नीरज कुमार दैनिक खोज खबर मढ़ौरा (सारण)।** भारतीय संगीत की अनमोल धरोहर, स्वर कोकिला आशा भोंसले का नाम भारतीय सिनेमा और संगीत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनका गायन केवल सुरों का संयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं, संस्कृतियों और समय के परिवर्तन का जीवंत आईना है। आशा भोंसले के गानों की समीक्षात्मक दृष्टि से सबसे बड़ी विशेषता उनकी विविधता है। उन्होंने अपने करियर में हजारों गीत गाए, जिनमें शास्त्रीय संगीत, ग़ज़ल, लोकधुन, पॉप, कैबरे और आधुनिक वेस्टर्न स्टाइल तक सब कुछ शामिल है। पिया तू अब तो आजा में उनकी चुलबुली और आकर्षक अदायगी श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करती है, वहीं दिल चीज क्या है में उनकी आवाज़ की नफासत और गहराई दिल को सुकून देती है। यह विरोधाभास नहीं, बल्कि उनकी कला की व्यापकता का प्रमाण है। उनकी गायकी का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है भावों की सजीव अभिव्यक्ति। आशा जी हर गीत को केवल गाती नहीं थीं, बल्कि उसे जीती थीं। इन आंखों की मस्ती में उनकी मृदुलता और शास्त्रीयता, वहीं दम मारो दम में उनकी बेफिक्री और विद्रोही तेवर यह दर्शाते हैं कि वे हर भावना को आत्मसात कर उसे श्रोताओं तक सजीव रूप में पहुंचाती थीं। यदि उनके संगीत सफर को गहराई से देखें, तो पाएंगे कि उन्होंने केवल पारंपरिक ढांचे को अपनाया नहीं, बल्कि उसे तोड़ा भी। विशेष रूप से आर. डी . बर्मन के साथ उनकी जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत में प्रयोगवाद की एक नई लहर पैदा की। पाश्चात्य वाद्य यंत्रों और भारतीय सुरों का जो अद्भुत संगम उनके गीतों में देखने को मिलता है, वह उस समय के लिए क्रांतिकारी था। उनके गीतों में जैज़, रॉक और पॉप के प्रभाव को सहजता से महसूस किया जा सकता है।आशा भोंसले की आवाज़ में एक विशेष प्रकार की लचक और अनुकूलन क्षमता थी। वे हर अभिनेत्री और हर दौर के अनुरूप अपनी आवाज़ को ढाल लेती थीं। यही कारण है कि 1950 के दशक से लेकर आधुनिक समय तक उनकी लोकप्रियता बनी रही। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी और कई विदेशी भाषाओं में भी गीत गाकर अपनी वैश्विक पहचान स्थापित की। उनकी गायकी का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है नारी अभिव्यक्ति का स्वर। उनके कई गीतों में स्त्री की भावनाएँ—चाहे वह प्रेम हो, आत्मविश्वास हो या स्वतंत्रता की आकांक्षा—बहुत सशक्त रूप में उभरकर सामने आती हैं। वे केवल एक पार्श्व गायिका नहीं रहीं, बल्कि एक ऐसी आवाज़ बनीं जिसने बदलते समाज में स्त्री की नई पहचान को भी स्वर दिया।आज जब हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, तो यह केवल एक महान गायिका को स्मरण करना नहीं, बल्कि उस संपूर्ण संगीत परंपरा को नमन करना है, जिसे उन्होंने अपने सुरों से समृद्ध किया। उनका हर गीत एक कहानी है, हर सुर एक भावना है, और हर धुन एक यादगार विरासत।आशा भोंसले का संगीत समय के पार है—वह न कभी पुराना होता है, न ही उसकी चमक फीकी पड़ती है।उनकी आवाज़ सदैव हमारे दिलों में गूंजती रहेगी। अश्रुपूरित नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि।





## छपरा में महिलाओं के लिए नि :शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन




**दैनिक खोज ख़बर/ छपरा।** छपरा स्थित यदुवंशी राय मेमोरियल अस्पताल में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं के लिए फ्री चेकअप एवं परामर्श की व्यवस्था की गई, जिसमें लगभग 800 महिलाओं ने निःशुल्क इलाज कराकर लाभ उठाया। शिविर में ऑनको-गायनो विशेषज्ञ डॉ. पद्मिनी एवं उनकी टीम के अन्य अनुभवी डॉक्टरों ने सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. प्रियंका मिश्रा, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, डॉ. फरखंदा जावेद, डॉ. नीरज झा एवं डॉ. रवि प्रकाश शामिल रहें।कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जितेंद्र कुमार राय द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं।आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें।

## बुजुर्ग पर चाकू से हमला, अस्पताल पहुंचते तोड़ा दम

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के असोइयां (मिर्जापुर) में एक बुजुर्ग व्यक्ति पर चाकू से हमला कर हत्या की घटना सामने आया है। रविवार की देर शाम असोइयां गांव के चाय दुकान पर आपसी विवाद में बात इस कदर बढ़ा की एक व्यक्ति को गांव के ही व्यक्ति ने चाकू से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। लोगों ने आनन फानन में जख्मी को लेकर मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां पर ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मृतक असोइया गांव निवासी 65 वर्षीय अशर्फी राय बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम को गांव के चाय दुकान पर लोग चाय पीने के लिए पहुंचे थे, तो उसी दौरान स्व. हेमन राय के 65 वर्षीय पुत्र अशर्फी राय की असोईया गांव के जितेन्द्र राय से विवाद बढ़ गया और देखते देखते चाकूबाजी की घटना घटित हो गई। जिसमे 65 वर्षीय अशर्फी राय को हमलावर ने छाती पर चाकू से हमला कर गहरा जख्म कर दिया। जिसके बाद आनन फानन में लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी घटना स्थल के लिए निकली। वही अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



# लूट की योजना बना रहे चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार, कारतूस व लूट के सामान के साथ किया गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लूटपाट की योजना बना रहे चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार, भारी मात्रा में कारतूस, मोटरसाइकिल तथा पूर्व में लूटे गए कई कीमती सामान बरामद किए गए हैं। सोनपुर थाना अध्यक्ष दिलीप कुमार ने रविवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देश पर बीते रात सोनपुर थाना क्षेत्र के शिवबचन चौक से उत्तर मकेर बांध रोड के समीप एक करकट नुमा घर में चार युवक इकट्ठा होकर लूटपाट की योजना बना रहे हैं। साथ ही उनके पास अवैध हथियार और मोटरसाइकिल भी मौजूद है।सूचना मिलते ही सोनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान की घेराबंदी कर छापेमारी की। छपामारी के दौरान पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवकों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए चारों को मौके से पकड़ लिया। इसके बाद विधिवत तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन लोडेड देसी पिस्टल, एक मैगजीन, 50 जिंदा कारतूस, चार मोटरसाइकिल, चार स्मार्टफोन, तीन कीपैड मोबाइल, एक डिजिटल मशीन, चाकू,तथा कई अन्य सामान बरामद किए। इसके अलावा चांदी और सोने जैसे दिखने वाले कई आभूषण भी बरामद किए गए, जिनमें सोने के चेन, कंगन, लॉकेट, चांदी पायल,पान का पत्ता- 5,चांदी,कसीले- 5, चांदी मछली-1 आकार के आभूषण आदि शामिल हैं।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे लोग मिलकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे। पूछताछ में यह भी बताया गया कि घटना को अंजाम देने के बाद वे मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदल देते थे, ताकि पुलिस उनकी पहचान न कर सके। साथ ही कारतूस और हथियार की खरीद-बिक्री के संबंध में भी कई महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को मिली है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान वैशाली जिले के राजापाकर निवासी राजू कुमार, मुजफ्फरपुर जिले के बरूराज थाना क्षेत्र कथैलिया चैनपुर निवासी शिवजी शाह के पुत्र ऋषि कुमार, मुजफ्फरपुर जिले राजेपुर ओपी क्षेत्र बबुरवान निवासी हीरालाल महतो के पुत्र अच्छेलाल कुमार तथा मुजफ्फरपुर कथैलिया के निवासी सहदेव भगत के पुत्र मन्नत राज उर्फ अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में सोनपुर थाना कांड संख्या 358/26 दर्ज करते हुए भारतीय दंड संहिता एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस कार्रवाई को सोनपुर थाना पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## एसपी पूरन कुमार झा की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

**परवेज अख्तर दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला समाहरणालय सभागार में शनिवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया था। एसपी ने बैठक के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपराध के मुख्य शीर्ष हत्या, आर्म्स एक्ट आदि जैसे कांडों का स्पीडी ट्रायल चलाकर कांडों का त्वरित निष्पादन कराए जाने साथ ही बदमाशों को सजा दिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि सभी थानाध्यक्ष सक्रिय बदमाशों, जेल से छुटे बदमाशों एवं फिरारियों की सूची को अद्यतन करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलान्तर्गत विशेष अभियान चलाकर वारंट / सम्मन / कुर्की निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्ष को अपराध के मुख्य शीष में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी थानाध्यक्ष को शरारती तत्वों को चिन्हित कर बीएनएसएस की धारा-126/129/132/135 एवं सीसीए-3/12 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया गया है। बीएनएसएस की धारा 107 के तहत बदमाशों द्वारा अपराध से अर्जित सम्पति जप्ती की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया गया है। इआरएसएस के तहत कंट्रोल रूम से प्राप्त होने वाली समस्याओं पर हर हाल में 15 मिनट के अंदर प्रतिक्रिया करें। बताया कि प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी थानों में आने वाले आगंतुको से नम्र एवं शालीन व्यवहार रखें एवं उनकी समस्याओं को जानकर त्वरित निष्पादन करायें। सभी थानाध्यक्ष को थानों में आने वाले आगंतुको का नाम एवं पता आगंतुक पंजी में संधारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी स्थलों, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं निरंतर गश्त करते हुए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाएंगे साथ ही अवैध शराब का विनष्टिकरण एंव शराब माफियाओं की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाएगें। बताया कि मेरे द्वारा बसंतपुर थानाध्यक्ष राजू कुमार को इस माह के थानेदार घोषित किया गया। थाना परिसर में नियमित रूप से गुंडा परेड एवं चौकीदारी परेड कराना सुनिश्चित करेगें। वहीं मेरे द्वारा दस से उपर की संख्या में कांडों का अनुसंधान पूर्ण करने वाले पांच अनुसंधानकर्ताओं सराय थाना के पुअनि सोनी कुमारी, गोरेयाकोठी थाना पुअनि सविता कुमारी, नगर थाना के पुअनि निरंजन कुमार, पुअनि अमित कुमार व जामोबाजार थाना के पुसअनि पप्पू कुमार यादव को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस उपाधीक्षक (साइबर), पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा प्रभारी शामिल रहे।



## मशरक में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, भारी मात्रा में महुआ शराब नष्ट



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़ी मुसहर टोली गांव में अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मशरक थाना पुलिस और मध निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान इलाके में अवैध रूप से तैयार की जा रही महुआ शराब को नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में महुआ शराब बरामद हुई, जिसे मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह के गैरकानूनी कार्यों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें ताकि समय रहते गोपनीय तरीके से कार्रवाई की जा सके।

## महान योद्धा महाराणा संग्राम सिंह के मनायीं गयी जयंती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा कार्यालय रजिस्ट्री बाजार सोनपुर में भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बबलू की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जबकि संचालन पार्टी उपाध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम में भारत भूमि के गौरव अमर बलिदानी महान योद्धा महाराणा संग्राम सिंह जिन्हें राणा सांगा के नाम से जाना जाता है जिनका जयंती रविवार को मनाया गया। सबसे पहले सभी लोगो ने राणा सांगा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि किया ।प्रदेश भाजपा पूर्व सैनिक सुनील कुमार सिंह ने कहा की राणा सांगा का जन्म 12 अप्रैल 1482 मे हुआ था। पिता राणा रायमल के छोटे पुत्र राणा सांगा ने 1509 में अपने पिता राणा रायमल की मृत्यु के बाद गद्दी संभाली।उत्तर भारत में राजपूतों को एकजुट किया। राणा सांगा ने अपने जीवन में 100 से अधिक लड़ाइयां लड़ी।और उनके शरीर पर अस्सी घाव थे, फिर भी उन्होंने दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी को खतौली के युद्ध में पराजित किया।नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने कहा की उन्होंने मालवा और गुजरात के सुल्ताने को भी हराया।16 मार्च 1527 को मुगल बादशाह बाबर और राणा सांगा के बीच खानवा का ऐतिहासिक युद्ध हुआ इस युद्ध से पहले बयाना की लड़ाई में राणा सांगा ने बाबर की सेना को हराया था। लेकिन खानवा में बाबर की तोपखानो और बेहतर रणनीति के कारण राणा सांगा घायल हो गए और राजपूतों की हार हुई।हार के बाद राणा सांगा ने बाबर के विरोध संघर्ष जारी रखने की कसम खाई थी,लेकिन राणा सांगा के सामंतों ने उन्हें विष दे दिया,जिससे 30 जनवरी 1528 को राणा सांगा का निधन हो गया। मौके पर भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सबलपुर में कटाव निरोधक कार्य शुरू करने की ग्रामीणों ने प्रशासन से की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के सबलपुर उतरी पंचायत के नेवल टोला महुआ बाग में देवी मंदिर प्रागण में कटाव पीड़ित ग्रामीणों कि एक बैठक रविवार को की गई. जिसकी अध्यक्षता रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय जबकि संचालन दिनेश कुमार राय ने किया। समाजसेवी लालबाबू पटेल ने बताया कि प्रत्येक साल सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन सहित कितने लोगों के घर गंगा में समाहित हो जाती हैं. वर्षो से बसा हुआ घर उजड़ जाते हैं बाढ़ आने से पहले बोल्डर पिचिंग का काम शुरू होना तय था जो टेंडर कैंसिल हो गया जिससे ग्राम वासियों में मायूसी छा गया है. बाढ़ का खतरा के भय से लोग सहमे हुए है। इस समस्याओं के निदान व कार्य प्रगति की ओर बढ़े इसके लिए प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग बिहार सरकार पटना , अभियंता प्रमुख जल संसाधन विभाग बिहार सरकार ,सारण सांसद, जिला पदाधिकारी सारण, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, विधायक सोनपुर से ग्राम वासियों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द टेंडर कराकर कटाव निरोधक कार्य शुरू किया जाए। दियारा क्षेत्र की ग्रामीण वर्षो से बाढ़ और कटाव की दोहरी मार झेलती आ रही है। कटाव स्थल पर सरकार हर साल कटाव रोधी कार्य कराती रहती हैं। बीते वर्ष कटाव रोधी कार्य किया गया था जो पैसा का बंदरबाट कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किया गया था जिसके कारण अनेकों घर गंगा में समाहित हो गया था। इस बैठक में सैकड़ो लोग शामिल रहे।



## 19 अप्रैल को मनेगी परशुराम जयंती समारोह, सफलता को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बेनछपरा मोड़ पर स्थित ऋषभ फैमिली रेस्टुरेंट के सभागार में परशुराम जयंती समारोह समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हुई। बैठक में सारण के अलावे सीमावर्ती सीवान एवं गोपालगंज के कई आचार्य एवं युवा ब्राह्मण शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता रेस्टोरेंट के मालिक समाजसेवी राजीव पाठक ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत पांच वर्ष से समारोहपूर्वक मनाए जा रहे भगवान परशुराम की जयंती इस बार भी काफी धूमधाम से 19 अप्रैल अक्षय तृतीया को मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज सहित भगवान परशुराम को मानने वाले सभी सम्मानित एवं प्रबुद्ध व्यक्ति आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में शामिल विद्वतजनों ने आयोजन के स्वरूप को भव्य एवं व्यापक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए । बैठक का संचालन पंडित प्रिंस मौनस ने किया। बेहतर आयोजन के लिए सर्वसम्मति से सारण जिला विप्र सेवा परिषद का गठन राजीव पाठक के प्रयास से किया गया। परिषद के बैनर तले इस वर्ष से भगवान परशुराम की जयंती मनाने पर सहमति बनी। जिसका मुख्य थीम शिक्षा , संस्कार और सम्मान होगा इसके साथ ही सनातन धर्म का प्रचार प्रसार , समाज में शिक्षा संस्कार से विमुख रहने वाले लोगों का यथासंभव सहयोग करना तथा सामूहिक कन्या विवाह, सामूहिक उपनयन संस्कार, गुरुकुल परम्परा सहित विधिक ( कानूनी ) एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना होगा। इन सभी मुद्दों पर विभिन्न गणमान्य लोगों ने अपना - अपना पक्ष रखा तथा सभी समाज से आग्रह किया है कि आगामी 19 अप्रैल को ऋषभ फैमिली रेस्टुरेंट सह विवाह भवन में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के शुभ अवसर पर उपस्थित होकर के उनके विचारों को आत्मसात करते हुए भ्रष्टाचार एवं सामाजिक कुरीतियों से लड़ने का संकल्प ले । सारण जिला विप्र सेवा परिषद के अध्यक्ष पद पर पंडित जितेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष पद पर सुकेश त्रिवेदी व शशिभूषण शुक्ल , कार्यकारी अध्यक्ष विनोद तिवारी , सचिव पद पर जनमेजय ओझा एवं उपप्रमुख इसुआपुर चंद्रशेखर ओझा उर्फ डब्लू बाबा, महासचिव अजय तिवारी व मुरारी मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित पाण्डेय, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र पाण्डेय एवं गोपाल चतुर्वेदी, प्रवक्ता डॉ हरेराम शास्त्री, सुमन जी महाराज, कार्यक्रम के निमित व्यवस्थापक के रूप में कमलेश तिवारी व प्रभुनाथ तिवारी, संरक्षक के पद पर इस परिषद एवं परशुराम जयंती के सूत्रधार राजीव पाठक का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आचार्य उज्ज्वल शास्त्री एवं गोलू बाबा ने मंगलाचरण से किया , धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रकाश तिवारी ने किया। इस मौके पर जिला सहित प्रमंडल के कई विद्वत जन ब्राह्मण उपस्थित रहे।



# बलिराम बाबू अपनी स्पष्टता और कर्मठता के लिए जाने जाते थे- सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** बलिराम बाबू किसी के सामने स्पष्टता के साथ अपनी बातों को रखने में कभी नहीं हिचकिचाते थे।वे महान व कर्मठ शिक्षक नेता थे,उक्त बातें महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने सीमावर्ती दाउदपुर बाजार स्थित मध्य विद्यालय दुमदमा में कही। वे शिक्षक नेता स्वर्गीय बलिराम सिंह जी की 32वीं पुण्यतिथि में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि वे शिक्षक के अलावा समाज पर पकड़ रखने वाले शख्सियत थे। उन्होंने अपनी स्पष्टता और सत्यवादिता के कारण अपनी शहादत दी।वे सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।उन्होंने उनके पुत्र शिक्षक नेता दिनेश सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप इस कार्यक्रम की गरिमा को आगे बढाते जा रहे हैं।इस कार्यक्रम में मै उस समय से भाग ले रहा हूं जब मैं बिहार सरकार में मंत्री था। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे उन्होंने शिक्षक नेता स्व बलिराम सिंह जी की आदम कद प्रतिमा पर माला पहनाकर और नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी।उन्होंने मध्य विद्यालय दुमदुमा का नाम स्वर्गीय बलिराम सिंह के नाम पर करने की उठी मांग पर अपनी सहमति भी दी।कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता और सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र सिंह ने कहा कि बलिराम बाबू से मेरा व्यक्तिगत संबंध था। वे केवल शिक्षक ही नहीं थे बल्कि कुशल नेतृत्व कर्ता थे।आज उनका शरीर नहीं है लेकिन उनकी आत्मा यहां विराजमान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयराम शर्मा ने किया वही संचालन ब्रजेश कुमार सिंह ने किया।मौके पर गंगा सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रमेंद्र रंजन,सीपीएस एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर डॉक्टर हरेंद्र सिंह, बार एसोसिएशन छपरा के अध्यक्ष रविरंजन सिंह, जेपी सेनानी ललन देव तिवारी, प्रियंका सिंह, सरपंच संघ के प्रभुनाथ सिंह,त्रिभुवन सिंह, राम जी शर्मा अभय कुमार सिंह,शैलेंद्र राम, विनोद सिंह पुरुषोत्तम सिंह, उपनेश सिंह,फूल सिंह, पुनीत रंजन अर्णज कुमार,नागेंद्र गिरी,आनंद मिश्रा कमलेश कुमार,गोविंद कुमार,प्राचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह,अजीत सिंह,कुणाल सिंह, मनीष कुमार, मुरारी सिंह,अरुण सिंह,अशोक सिंह,नवल किशोर सिंह, राधेश्याम सिंह,आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार सिंह,राजेश तिवारी सुरेंद्र राम,दिलीप सिंह, डा अखिलेश्वर सिंह, डा जनार्दन सिंह,प्रभात कुमार शर्मा,डॉ सुनील कुमार पांडेय,विनय शंकर दुबे, अखिलेश्वर पांडेय, धर्मनाथ सिंह भूपेंद्र सिंह राजेश कुमार,विनोद सिंह, निलेश सिंह, विजय कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## दियारा में अवैध शराब पर पुलिस का शिकंजा, तीन हज़ार लीटर जखीरा नष्ट

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत नयागांव पुलिस ने रविवार को सिताबगंज दियारा में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया। मौके से करीब 3000 लीटर अर्धनिर्मित शराब बरामद कर उसे नष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी के दौरान कारोबारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। कार्रवाई के दौरान शराब बनाने के उपकरणों को भी नष्ट किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दियारा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी भी जारी रहेगा और फरार आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को सराहनीय बताया है।

## जनगणना – प्रगणक और पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण सोमवार से

**144 फिल्ड ट्रेनर 8332 प्रगणक और 1390 सुपरवाइजर को देंगे ट्रेनिंगसभी प्रखंड और नगर निकाय के चार्ज अधिकारियों ने तैयारी की पूरी**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जनगणना 2027 लिए प्रगणक और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण सोमवार से प्रारम्भ किया जाएगा. प्रभारी जिलाधिकारी लक्ष्मण तिवारी ने इसके लिए विस्तृत आदेश जारी किया है. जनगणना कार्य निदेशालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सभी ग्रामीण और नगर चार्ज में आयोजित किया जाएगा. प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 9ः30 बजे से शाम 6ः00 बजे तक चलेगा. इस दौरान तीन-तीन दिनों के बैच में कुल चार फेज में प्रगणक और सुपरवाइजर को ट्रेनिंग दी जाएगी. प्रगणक और सुपरवाइजर को जनगणना के प्रथम चरण में आगामी एक मई से 31 मई तक चलने मकानसूचीकरण और मकान गणना के सांविधिक, व्यावहारिक और तकनीकी पहलुओं से आगाह किया जाएगा. उन्हें जनगणना के लिए बनाए गए विशेष मोबाइल ऐप्लिकेशन एचएलओ के संचालन में दक्ष किया जाएगा. ज्ञात हो कि यह भारत की पहली जनगणना होगी जिसे पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित किया जाएगा.

**शेड्यूल के तहत होगी ट्रेनिंग**

अपर जिला जनगणना अधिकारी सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी तारणी कुमार ने बताया कि कार्य की सफलता के लिए प्रशिक्षण की एकरूपता को सुनिश्चित किया गया है. इसके लिए निदेशालय ने ट्रेनिंग का शेड्यूल डिजाइन किया है. तीन दिन के लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम निर्धारित हैं. फिल्ड ट्रेनर शेड्यूल के अनुसार टॉपिक बताएंगे. इस दौरान एचएलओ मोबाइल ऐप्लिकेशन की प्रैक्टिस और रियल फील्ड में नजरी नक्शा बनाने और डमी डाटा संग्रह कर प्रैक्टिकल भी किया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने जनगणना के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन और समयबद्ध कार्य संपन्न करने के लिए विधिवत कैलेंडर तैयार किया है. सभी कार्य की सीएमएमएस पोर्टल पर जिला से लेकर राज्य व निदेशालय तक रियल टाइम मॉनीटरिंग की जा रही है. जनगणना कर्मियों की इंट्री और बैच का सीएमएमएस पोर्टल पर पूरी कर ली गयी है. कर्मियों को मेसेज जा चुके हैं. उनकी उपस्थिति भी पोर्टल द्वारा ही जेनरेट हुई है और अंत में उसकी इंट्री भी पोर्टल पर की जाएगी. पूर्व में जिले के सभी तीस चार्ज अधिकारी, सहायक चार्ज अधिकारी और उनके तकनीकी व लिपिकीय सहयोगियों का छह दिनों का प्रशिक्षण किया जा चुका है. फिल्ड ट्रेनर को भी दो बैच में तीन-तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है. उनके ज्ञानवर्धन की जांच के लिए प्रतिदिन परीक्षा ली गयी है और डाऊट क्लियर किया गया है. इसके अलावा जिलाधिकारी के आदेश पर सभी चार्ज के प्रशिक्षण सेल के नोडल और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है.

**कई स्तरों पर होगी प्रशिक्षण की निगरानी**

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह जिला जनगणना नोडल अधिकारी अंजनी कुमार लाल ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार तीस चार्ज में आयोजित प्रशिक्षण का प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जाएगा. इसके लिए निदेशालय द्वारा विशेष रूप से पर्यवेक्षक के रूप में जिला समन्वयक सह स्टेट ट्रेनर अदिति आनंद और आयुषी सिंह को प्रतिनियुक्त किया गया है. दोनों अधिकारी प्रति दिन रूटचार्ट के अनुसार भ्रमणशील रहकर प्रशिक्षण की निगरानी और गुणवत्ता देखेंगी. उनके साथ जिला कोषांग के कर्मी भी भ्रमण करेंगे. इसके अलावा जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड के जिला स्तरीय वरीय प्रभारी पदाधिकारी को अपने क्षेत्राधीन चार्ज में प्रशिक्षण का अनुश्रवण करने का आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने कड़ी ताकीद की है कि प्रशिक्षण से अनुपस्थिति किसी भी परिस्थिति में अक्षम्य है. इस दौरान किसी भी प्रकार के आकाश देय नहीं हैं और पूर्व के अवकाश स्वतः रद्द माने जाएंगे.

**प्रोजेक्टर और मॉनिटर पर चलेंगे पीपीटी व स्लाइड**

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण केंद्रों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी और नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियों को आदेश दिया है. सभी चार्ज अधिकारी को स्वयं प्रशिक्षण में मौजूद रहने का निदेश दिया गया है. जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य की सफलता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अत्यंत आवश्यक है. सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण केंद्र पर पेयजल, भोजन, स्टेशनरी, प्रोजेक्टर, वाई-फाई, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है.

## नगरा में स्वर्ण व्यवसायी संघ की हुई बैठक अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष एवं सचिव का हुआ चुनाव

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के नगरा बाजार में रविवार को स्वर्ण व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें सर्वसम्मति से नगरा स्वर्ण व्यवसायी संघ का गठन किया गया.बैठक में क्षेत्र के दर्जनों स्वर्ण व्यवसायी शामिल हुए और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई.बैठक के दौरान पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अरुण कुमार सोनी को संघ का अध्यक्ष चुना गया.वहीं उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत कुमार गोलू सोनी को जिम्मेदारी सौंपी गई,जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में पवन सोनी का चयन किया गया.इसके अलावा संघ के सदस्य के रूप में धर्मेंद्र प्रसाद, विनय कुमार ब्याहुत, अनिल कुमार, ओमप्रकाश प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, हरिशंकर प्रसाद, रामनारायण प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद सहित अन्य स्वर्ण व्यवसायियों को शामिल किया गया.बैठक में व्यवसायियों ने सुरक्षा, आपसी सहयोग एवं व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की.साथ ही निर्णय लिया गया कि संघ के माध्यम से सभी व्यवसायियों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा और एकजुट होकर समाधान का प्रयास किया जाएगा.इस अवसर पर उपस्थित सभी स्वर्ण व्यवसायियों ने संगठन को मजबूत बनाने, एकजुटता बनाए रखने और क्षेत्र में व्यवसाय को बेहतर तरीके से संचालित करने का संकल्प लिया.

## फिरोज हत्याकांड के मुख्य आरोपित के अजीत के घर से कारतूस सहित पिस्टल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हबीबनगर पंचायत के शंकपुर निवासी आलिम अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र फिरोज अंसारी को 13 मार्च की शाम बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने कांड के मुख्य आरोपित अजीत को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस दबाव में 30 मार्च को हत्यारोपित अजीत कुमार यादव ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था जिसे 10 अप्रैल को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। उसने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकारोक्ति की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर घर में छुपाकर रखे हत्या में प्रयुक्त एक पिस्तौल एवं एक गोली बरामद किया गया। बता दें कि संदर्भ में मृतक फिरोज के भाई अल्लाउद्दीन अंसारी ने 14 मार्च को थाने में आवेदन देते हुए कहा है पूर्व से षड्यंत्र के तहत घात लगाकर बैठे गोसोपाली निवासी अजीत कुमार यादव एवं हबीबनगर निवासी धर्मेंद्र यादव तथा चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी।

## पेयजल संकट- चनचौरा पंचायत के चार वार्डों में नल-जल 15 दिनों से बंद

**जमीन मालिकों ने अपने जमीन में लगे टंकी में जड़ा ताला**

**देवेन्द्र कुमार सिंह। दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के एक, चार, दस और ग्यारह नंबर वार्ड में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. यह समस्या पिछले 15 दिनों से बना हुआ है. पानी बंद होने से लोगों का नहाना और खाना पकाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. इधर भीषण रूप और गर्मी में पानी की किल्लत ने लोगों को और भी मुसीबत में डाल दिया है.सबसे अधिक प्रभावित पशुपालकों को है जिन्हें अपने पशुओं के लिए हैंडपंप से पानी भर कर कहीं कहीं से ला रहे हैं. बताया जाता है कि उपरोक्त वार्डों में नल जल की टंकी में वहां के जमीन मालिकों ने ताला जड़ दिया है. इन वार्डों के जमीन मालिकों का कहना है कि जब नल जल लग रहा था उस समय वे सभी वार्ड सदस्य थे और वे सब अपनी निजी जमीन में तत्कालीन मुखिया विजय उपाध्याय के विश्वास पर नल जल की टंकी लगवा दी थी उस समय दो हजार रूपए मासिक नल जल संचालन के लिए सरकार से मिलता रहा. बीते चुनाव में नये वार्ड सदस्य चुने गये और नल जल के नाम पर इनके खाते में पैसे आने लगे जब कि नल-जल का संचालन जमीन मालिक सह पूर्व वार्ड सदस्य ही करते रहे. माधोपुर गांव के वार्ड सदस्य मदन यादव ने बताया कि दबाव बनाकर उनके खाते से 12 हजार रूपये जमीन मालिक व नल जल संचालक को देने की पंचायती की गई लेकिन खाते से पैसे निकासी के लिए वार्ड सचिव के साथ तकनीकी समस्या आ गई तो दो दिन नल जल चलाकर फिर जमीन मालिक द्वारा बंद करा दी गई.वार्ड सदस्य मदन ने बताया कि पड़ोस के वार्ड ग्यारह में इस तरह की पंचायत नहीं हुई और न दबाव ही वार्ड सदस्य पर बनाया गया. परिणाम है कि वहां के भी जमीन मालिक ने 15 दिनों से नल-जल बंद कर दिया है. हालांकि ऐसे मामलों से प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर, नवादा, अतरसन, असहनी,बनपुरा, बलिया,देवपुरा,आदि कई पंचायतों के लोग ग्रसित हैं. उधर एकमा के बीडीओ अरूण कुमार ने संबंधित पंचायतों के मुखिया ,वार्ड सदस्य व जमीन मालिकों के बीच आपसी समन्वय बनाकर नल जल को जनहित में चालू रखने की सलाह और निर्देश दिया है.



## हरिहरनाथ-मुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा को लेकर सोनपुर के काली घाट पर होगा भव्य कार्यक्रम

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथङ्कमुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा 2026 के अवसर पर 13 अप्रैल को सोनपुर के कालीघाट में भव्य धर्मसभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नारायणी आरती का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा 13 अप्रैल से प्रारंभ होकर 19 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें भारत और नेपाल के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया जाएगा, जिसको लेकर सोनपुर में जगह-जगह तोरण द्वार और फ्लेक्स लगाए गए हैं और लोग आने वाले साधु-संतों के आगमन को लेकर उत्सुक हैं। धर्मानुरागी स्नेहीजनों के लिए यह यात्रा भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की धर्म जागरण समन्वय गतिविधि के क्षेत्र प्रमुख माननीय सुबेदार जी की प्रेरणा से वर्ष 2011 में इस यात्रा की शुरुआत हुई थी और तब से प्रत्येक वर्ष इसका सफल आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं को जनमानस तक पहुंचाना तथा भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करना है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नारायणी नदी जिसे गंडकी, सालिग्रामी और काली गंडकी के नाम से जाना जाता है, भगवान सालिग्राम का पवित्र स्थल है जिसका उद्गम नेपाल के मुक्तिनाथ धाम में है। गज-ग्राह युद्ध की कथा भी इसी क्षेत्र से जुड़ी है जिसका समापन सोनपुर स्थित गंगा-गंडकी संगम पर हुआ था, जहां भगवान विष्णु ने प्रकट होकर गज की रक्षा की थी। इसी पावन भूमि पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर स्थित है। यात्रा के महासचिव डॉ. आशुतोष कुमार जी ने बताया कि 13 अप्रैल को कालीघाट सोनपुर में आयोजित कार्यक्रम के तहत शाम 4 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके उपरांत धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा, जहां विद्वान वक्ताओं द्वारा धर्म, संस्कृति एवं अध्यात्म पर अपने विचार रखे जाएंगे। धर्मसभा के समापन के बाद सायंकाल भव्य एवं दिव्य नारायणी आरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

## अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। महाराणा प्रताप चौंक के पास बाइक दुर्घटना में इसुआपुर के सढ़वारा गांव निवासी भूवनेश्वर साह का 14 वर्षीय पुत्र हैप्पी कुमार और मशरक के हनुमानगंज गांव निवासी अशरफ हुसैन का 15 वर्षीय पुत्र वीर हुसैन घायल हो गए। वहीं तरैया थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव निवासी 26 वर्षीय शहाबुद्दीन चरिहारा घोघाड़ी नदी पुल पर दुर्घटना में घायल हो गया। मारपीट की घटनाओं में डुमरसन गांव निवासी 26 वर्षीय कुसुम देवी और गंडामण गांव निवासी नैना देवी घायल हालत में इलाज के लिए भर्ती कराए गए। मुन्नी मोड़ पर बाइक दुर्घटना में दिलीप कुमार घायल हो गया जो मशरक के डुमरी छपिया गांव जा रहें थे। वहीं सतजोड़ा गांव निवासी रूबी देवी ऑटो दुर्घटना में घायल हो गयी ।

## ओरमा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का हुआ सफल आयोजन

**परवेज अख्तर दैनिक खोज खबर/सीवान।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत ओरमा स्थित पाटलिपुत्रा पब्लिक स्कूल में रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महाभियान संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली की गहन जानकारी होना आवश्यक है, तभी हम समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सकते हैं। वहीं पूर्व एमएलसी सह भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं। इस क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रोफेसर अभिमन्यु कुमार सिंह ने पार्टी के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना, उसके विकास और संघर्षों की यात्रा को विस्तारपूर्वक बताते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। भाजपा के प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा ने पार्टी की कार्यपद्धति पर अपने विचार रखे। उन्होंने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की भूमिका को विस्तार से समझाते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होता है। जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के बौद्धिक एवं संगठनात्मक विकास का आधार है। इस प्रकार के आयोजन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और वे आगामी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार होते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, शंभू प्रसाद, राजेश श्रीवास्तव, पंकज किशोर सिंह, रामाधार तिवारी, संजय प्रसाद, हीरालाल राम इत्यादि लोगो की उपस्थिती रही।




## जीएमसीएच, छपरा में सुपर स्पेशलिटी विंग की मांग

**सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय की शिकायत पर केंद्र ने बिहार सरकार को भेजा पत्र**



**देवेन्द्र कुमार सिंह दैनिक खोज खबर/** रसूलपुर(एकमा)। सारण जिले के सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय द्वारा छपरा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में सुपर स्पेशलिटी विंग स्थापित किए जाने की मांग अब केंद्र सरकार के संज्ञान में आ गई है. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में दर्ज उनकी शिकायत को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित कर दिया है.

**केंद्र का पत्र, बिहार स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई का निर्देश**

स्वास्थ्य मंत्रालय (पीएमएसएसवाई -II सेक्शन), भारत सरकार के अवर सचिव द्वारा जारी पत्र में बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को जीएमसीएच, छपरा (सारण) में सुपर स्पेशलिटी विंग स्थापित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है.

**बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया**

अपने मांग में सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय ने कहा है कि सारण प्रमंडल आज भी बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है. उन्होंने उल्लेख किया कि छपरा का सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल शीघ्र पूर्ण संचालन में आने वाला है, लेकिन सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के बिना यह अत्यधिक आबादी वाले इस क्षेत्र के लिए अपर्याप्त साबित होगा. उन्होंने यह तर्क दिया है कि क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी स्तर की सरकारी सुविधाओं का अभाव है. साथ ही डॉक्टर जनसंख्या अनुपात और राज्य में सुपर स्पेशियलिटी विशेषज्ञों की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि उन्नत उपचार जैसे हृदय, किडनी, कैंसर, क्रिटिकल केयर आदि के लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत व्यवस्था बेहद जरूरी है. उन्होंने यह भी रेखांकित किया है कि बिहार में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण आम लोगों को मजबूरी में महंगे निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है.

**राज्य सरकार पर टिकी निगाहें**

सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय के मांग केंद्र सरकार द्वारा अग्रेषित किए जाने के बाद अब यह मामला बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के पास विचाराधीन है. क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि इस पहल से सारण प्रमंडल को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा. स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भी संदीप पांडेय की इस पहल का समर्थन करते हुए इसे जनहित से जुड़ा अहम कदम बताया है.

## रघुनाथपुर-एक पिस्टल व एक कट्टा के साथ एक बदमाश गिरफ्तार



**परवेज अख्तर/सिवान।** रघुनाथपुर थानांतर्गत नवादा गांव स्थित गेहूं के खेत से अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बरूआ गांव निवासी इंद्रजित पटेल है। इसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक कट्टा व छह गोली को बरामद किया है। पुलिस ने उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि रविवार की रात्रि समय करीब 12÷05 बजे रघुनाथपुर थाना को सूचना मिली की नवादा में गेहूं के खेत में एक संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर रखा गया है। उक्त सूचना पर रघुनाथपुर थाना पुलिस की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर पहुंचकर पुलिस हिरासत में लिया गया। पूछताछ के क्रम में अपना नाम इंद्रजित पटेल बताया। जांच एवं तलाशी के दौरान उसके पास से एक कट्टा, एक पिस्टल और छह कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में रघुनाथपुर थाना अंतर्गत धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## बड़हरिया विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल ने अग्निपीड़ितों में बांटी राहत सामग्री

**परवेज अख्तर दैनिक खोज खबर/सिवान।** बड़हरिया प्रखंड के सदरपुर पंचायत के पहाड़पुर पश्चिम टोला में शनिवार की शाम बिजली के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई थी। इसमें सात परिवारों के झोपड़ी, भुसौल जलकर राख हो गए थे। साथ ही इसमें रखे भूसा, सरसों आदि जलकर राख हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर जदयू विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल पहाड़पुर गांव पहुंचे और अग्निपीड़ित परिवारों से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने स्तर से प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक बोरा आटा, एक बोरा चावल, पांच किलो दाल, एक लीटर सरसों तेल, पांच किलो आलू व ढाई किलो प्याज देकर राहत पहुंचाई। आग बुझाने के दौरान झुलसे पहाड़पुर निवासी शिवजी चौधरी को भी विधायक ने आर्थिक सहायता दी और उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से बात कर अग्निपीड़ितों को जल्द सरकारी सहायता दिलाने का निर्देश दिया। अग्निपीड़ितों में शंकर चौधरी, शिवजी चौधरी, वकील यादव, सर्वजीत यादव, अलगू पटेल, उमेश पटेल व धनेश पटेल शामिल हैं। इस मौके पर मीडिया सेल जिलाध्यक्ष राजीव रंजन पटेल, गुड्डू पटेल, मृत्युंजय प्रजापति, उप मुखिया सुजीत शाह, भाजपा नेता उपेंद्र साह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## भेल्दी में युवक को चाकू गोदा, पीएमसीएच रेफर



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के कोरेया में शनिवार की रात बहस के बाद बाइक सवार ने युवक को चाकू गोदकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी युवक लालबाबू कुमार भगत(30) दिलीप भगत का पुत्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के कोरेया गांव के दिलीप भगत के पुत्र लालबाबू कुमार भगत कोरेया बाजार से शनिवार की रात अपने गांव के ही एक अन्य युवक के साथ बाइक पर बैठकर घर जा रहे थे। बाजार से कुछ ही दूर बढ़े की बीच सड़क पर अन्य दो बाइक लगे हुए थे। लालबाबू कुमार भगत ने कहा कि सड़क पर किनकी बाइक लगी हुई है इसी बीच तीन युवक वहां पहुंच गए और गाली गलौज और बहस शुरू हो गई। इसी बीच एक युवक ने लालबाबू पर चाकू से हमला कर लहुलुहान कर दिया। परिजन इलाज के लिए गड़खा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। छपरा सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। चाकू मारने के बाद तीनों भागने लगे जिससे लोगों ने खड़ेदकर दो को धर-दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

# नशा मुक्त समाज को लेकर मशरक में दौड़ प्रतियोगिता



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के रामघाट गांव स्थित खेल मैदान में एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों से आए खिलाड़ियों की भागीदारी ने इसे एक बड़े स्तर का आयोजन बना दिया। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महतो, मधनिषेध इंस्पेक्टर राजीव रंजन कुमार तथा थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी एवं नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई थी। बाहर से आए खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया था, जिसकी सराहना प्रतिभागियों ने खुलकर की। उत्तर प्रदेश से आए खिलाड़ियों ने विशेष रूप से आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें यहां एक पारिवारिक माहौल और उत्कृष्ट व्यवस्थाएं मिलीं, जिससे उनका मनोबल और बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौके पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल तैनात रहे, ताकि प्रतियोगिता शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम भी पूरे समय मौजूद रही। यह व्यवस्था आयोजकों की गंभीरता और जिम्मेदारी को दर्शाती है। प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा दबदबा उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का देखने को मिला। उन्होंने कई स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। खासकर यूपी से आए सिपाही सुनील राजभर ने 1600 मीटर की दौड़ को महज 4 मिनट 24 सेकंड में पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बन गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। विजेता खिलाड़ियों को साइकिल, सिलाई मशीन तथा अन्य उपयोगी सामान देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार के पुरस्कारों ने प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ाया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि युवाओं को नशा छोड़कर अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य एवं बंगरा मुखिया प्रत्याशी रंजन कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रत्याशी मुकेश कुमार सिंह, पप्पू सिंह, दीपक कुमार , बिट्टू कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकने के लिए इस तरह के आयोजनों की बेहद आवश्यकता है। डीएसपी संजय कुमार सुधांशु ने अपने संबोधन में कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, खासकर युवाओं के भविष्य पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और खेल, शिक्षा तथा सकारात्मक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन भी नशा उन्मूलन के लिए लगातार अभियान चला रहा है और इसमें समाज के सहयोग की आवश्यकता है। वहीं थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस बुराई से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मध निषेध विभाग के इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा छोड़ना ही नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ आवाज उठाना भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं और इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें। स्थानीय ग्रामीणों में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय दर्शकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से गांव-समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवाओं को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि ÷नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो÷ जैसे संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के बुजुर्गों को भी सम्मानित कर समाज में उनके योगदान को सराहा गया। इससे कार्यक्रम में एक सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल भी देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में पूर्व वायु सैनिक राजीव कुमार रवि ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रशासन, स्थानीय लोगों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन कर्ता रंजन कुमार सिंह और मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम स्थानीय जनता और प्रशासन के सहयोग से ही संभव हो पाया है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि यदि समाज और प्रशासन मिलकर प्रयास करें, तो नशा मुक्त समाज का सपना साकार किया जा सकता है।

## आत्म तत्व का विनाश न तो सृष्टि के समय होता है और न तो प्रलय के समय



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा (छपरा)** उपरोक्त प्रवचन स्थानीय प्रखंड के राइपट्टी गांव में अवस्थित राज कमल उत्सव भवन के प्रांगण में राष्ट्रीय निरकारी जागृति मिशन सेवा दल के तत्वाधान में आयोजित सन्त समागम के दौरान सतगुरु ज्ञान नाथ महाराज , निराकारी जागृति मिशन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संत सुरक्षा मिशन भारत प्रवचनों के दौरान कहा कि आत्म तत्व समस्त सृष्टि का मूल आधार और बीज है। इसी आत्म तत्व के अंदर यह स्थूल सूक्ष्म और कारण जगत स्थित है इसी को शब्द ब्रह्म कहते हैं। आत्म तत्व का ज्ञान बोध एवं प्रत्यक्ष साक्षात्कार करने की योग युक्ति साधन नाम ही ब्रह्म ज्ञान है। यह स्वाभाविक रूप से विशुद्ध, बुद्ध और मुक्त है। यह किसी तरह से प्रभावित नहीं होता। यह स्व÷रूप में स्थित रहता है। यह सर्वत्र विद्यमान परमसता हमारा अपना ही असली स्वरूप है। यही सब का इष्ट देव है इसका ज्ञान एवं ध्यान ही सर्वश्रेष्ठ साधना और अराधना है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को समझना बुद्धि के तर्क वितर्क का काम नहीं थोड़ा मौन होकर, शांत होकर, संसार की दौड़ धूप को छोड़कर भीतर प्रवेश करो सबकुछ पता चल जाएगा। यह अनुभव की बात है तर्क वितर्क कि नहीं, भावों की बात है बुद्धि की नहीं। भक्ति मार्ग में किसी से अपेक्षा और किसी की अपेक्षा दोनों ही भटकाव और असफलता का कारण बन जाते हैं। जीवन मे सफल होने के लिए सबसे पहले जीवन का लक्ष्य निर्धारित करो। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नित्य प्रति संघर्षशील रहो। स्वयं के ऊपर, सतगुरु और परमात्मा के ऊपर भरोसा रखो। लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जल्दबाजी न करो, बस संघर्ष करो। जुनून और दृढ़ संकल्प होना चाहिए। नकारात्मक विचारों को छोड़कर सकारात्मक विचारों को अपनाओ। सुरत-शब्द योग का अभ्यास करते हुए अपने भीतर ज्योति और श्रुति का अनुभव करो। जब साधक ज्योति और श्रुति के संपर्क में आ जाता है तो रूहानी रास्ता अपने आप ही खुलता चला जाता है। भक्ति मार्ग मे बंधन इच्छाओं से युक्त होते हैं और इच्छाओं का त्याग ही मुक्ति है सभी लौकिक और अलौकिक दुखों का कारण इच्छाएं हैं। महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञाननाथ ने कहा कि कोई ना कोई शक्ति इस सारे ब्रह्मांड के प्रपंच को सुचारू ढंग से रचना, परवरिश और संहार कर रही है परंतु किसी ठोस प्रमाण के बिना अगर स्वीकार कर लिया जाए तो यह अंधविश्वास और अंध भक्ति होगी। जब तक स्वयं खुली और बंद आंखों से देखा नहीं है, जाना-पहचाना नहीं है और अनुभव नहीं किया तब तक परमात्मा की अस्तित्व को स्वीकार करना और इंकार करना दोनों ही ठीक नहीं है । प्रवचन कार्यक्रम मे मुख्य रूप से महात्मा एम.लाल, एडवोकेट अतुल, विद्या राम गोयल, खुशी राम गौतम, बलराम, गया प्रसाद आदि ने गुरुवाणी और भजनों से कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम प्रबंधक कमिटी ने संत ,स्वामी ज्ञान नाथ महाराज को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता में मुख्य रूप से नंदकिशोर भगत अध्यक्ष निरकारी जागृति मिशन सेवा दल और उदय सिंह, बलराम, गया प्रसाद, हरेन्द्र, सतीश, बालेश्वर, डाक्टर मनोहर; ज्ञान ज्योति पुष्पा सुईथा, शीला, लालती विक्रम, किरन, मनोरमा, सुशीला, मंजू, रस्मी, निष्ठा, आदि शामिल थे।

## फिरोज हत्याकांड के मुख्य आरोपित के अजीत के घर से कारतूस सहित पिस्टल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हबीबनगर पंचायत के शंकपुर निवासी आलिम अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र फिरोज अंसारी को 13 मार्च की शाम बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने कांड के मुख्य आरोपित अजीत को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस दबाव में 30 मार्च को हत्यारोपित अजीत कुमार यादव ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था जिसे 10 अप्रैल को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। उसने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकारोक्ति की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर घर में छुपाकर रखे हत्या में प्रयुक्त एक पिस्तौल एवं एक गोली बरामद किया गया। बता दें कि संदर्भ में मृतक फिरोज के भाई अल्लाउद्दीन अंसारी ने 14 मार्च को थाने में आवेदन देते हुए कहा है पूर्व से षड्यंत्र के तहत घात लगाकर बैठे गोसोपाली निवासी अजीत कुमार यादव एवं हबीबनगर निवासी धर्मेंद्र यादव तथा चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी।

## इंटरनेट मीडिया पर फर्जी हथियार के साथ प्रसारित वीडियो पर हुई कार्रवाई

**परवेज अख्तर/सिवान।** इंटरनेट मीडिया पर फर्जी हथियार के साथ वीडियो प्रसारित करने वाले पर जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक लाइटर पिस्टल को जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि विगत दिनों इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर हथियार के साथ एक व्यक्ति द्वारा वीडियो प्रसारित किया जा रहा था। इन कारण से आमजन में भय एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। एमएच नगर एवं हुसैनगंज थाना द्वारा वीडियो का सत्यापन कर यह पाया गया की यह वीडियो हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सहूली के सुजीत कुमार द्वारा वीडियो प्रसारित की जा रही थी। वीडियो में दिख रहा हथियार लाइटर पिस्टल है, उसे बरामद किया गया है।

## ट्रेन में शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 02570 नई दिल्ली दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-पांच से एक शराब तस्कर को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पूर्वी चम्पारण जिले के पकड़ी दयाल थाना क्षेत्र के माझार निवासी रामलाल कुमार है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि रविवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के आदेशनुसार रेलवे सुरक्षा बल द्वारा उक्त ट्रेन में आपराधिक गतिविधि की निगरानी की जा रही थी। निगरानी के दौरान एक शराब तस्कर को पिट्ठू बैग में शराब ले जाने के दौरान गिरफ्तार किया गया । जांच के क्रम में उसके पास से 24 बोतल शराब बरामद हुई। जब्त शराब के अनुमानित कीमत 16 हजार पांच सौ 60 रुपया है। जिसे आगे की कार्यवाही हेतु जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया।

## कठिन परिस्थिति में निरंतर प्रयास से सफलता की संभावना मिलकर रहती है -मधुसूदन

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर के नगर पंचायत के पसनौली काली माता मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ महामहोत्सव में श्रीमददेवी भागवत महापुराण कथा में वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन सावन बिहारी ने महिषासुर संवाद में देवी की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि हमेशा ही असत्य पर सत्य की विजय होती है। असत्य के माध्यम से बने परिस्थिति की अवधि अत्यंत अल्प होती हैं। व्यक्ति को विषम परिस्थिति में भी घबराना नहीं चाहिए। ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए। विषम परिस्थितियों में धैर्य और साहस बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि घबराहट से निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होती है। कठिन समय में चुनौतियों का सामना करने, सीखने और मजबूत बनने का अवसर होते हैं। साहसी व्यक्ति ऐसी स्थिति में मानसिक दृढ़ता से काम लेते हैं और निरंतर प्रयास करते हैं, जिससे सफलता की संभावना बढ़ जाती है। जीवन के उस कठिन मोड़ पर हम जब असमंजस में फंस जाते हैं यह स्थिति निराशावादी नहीं, बल्कि यथार्थवादी है जो सिखाती है कि कभी-कभी संघर्ष ही जीवन का सार है। समाधान शायद संघर्ष के साथ सामंजस्य बैठाने में है, न कि उससे भागने में। जब कोई रास्ता न दिखे, तो रुक जाना भी एक रास्ता है। पर ध्यान रहे ठहराव थकना नहीं, पुनर्प्रयास की तैयारी होनी चाहिए।

## बचपन खतरे में पुस्तक का हुआ विमोचन बच्चों के हाथ में मोबाइल देना उनके बचपन को छीनने जैसा- पूर्व डीजीपी डी. एन गौतम




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर स्थित सत्संग भवन में रविवार को हरिहर क्षेत्र विचार उत्सव के तत्वावधान में आयोजित समारोह में लेखक सारंगधर प्रसाद सिंह की 9 वीं पुस्तक 'बचपन खतरे में' का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि डॉक्टर कपिल देव सिंह ने किया जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र मैनपुरी ने किया। इस समारोह का मुख्य अतिथि पूर्व आरक्षी महानिदेशक बिहार डी. एन. गौतम, वरिष्ठ अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह अधिवक्ता पटना हाई कोर्ट, लेखक जितेंद्र कुमार सिंह रहे। लेखक सरहंडर सिंह ने अब तक जो किताब लिखी है जिसमें -भारतीय सेना, भारतीय संस्कृति और समाज, बाग की धूप में बागवान, टूटा परिवार बिखरता समाज, बचपन खतरे में जैसे अब तक नौ किताब लिख चुके हैं। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बचपन खतरे में पुस्तक समाज के बच्चों के वर्तमान हालात, उनकी समस्याओं और भविष्य को लेकर गंभीर चिंतन करने के लिए प्रेरित करती है.पुस्तक में बाल जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया गया है. इस कार्यक्रम में शिक्षा, तकनीक, पारिवारिक संबंध और सामाजिक मूल्यों को लेकर गहन विमर्श हुआ, जिसने इसे एक सामान्य साहित्यिक आयोजन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया। मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी डीएन गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को दिशा देने में शब्दों की शक्ति सबसे बड़ी होती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आज का दौर बच्चों के लिए चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है, जहां मोबाइल और डिजिटल उपकरण उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा, ÷बच्चों के हाथ में समय से पहले मोबाइल देना उनके बचपन को छीनने जैसा है। पहले मशीनें इंसान की सहायक थीं, लेकिन अब इंसान ही मशीनों का कैरियर बन गया है। उन्होंने अभिभावकों की बदलती सोच पर भी गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज माता-पिता बच्चों को बेहतर सुविधा देने के नाम पर उनसे दूरी बना रहे हैं। ÷बोर्डिंग स्कूलों में बच्चों को भेजना और उनके साथ समय न बिताना, भावनात्मक रिश्तों को कमजोर कर रहा है। अब पेरेंट्स अभिभावक कम और फाइनेंसर अधिक बनते जा रहे हैं,÷ उन्होंने कहा। उनके इन विचारों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच आत्ममंथन की स्थिति पैदा कर दी। हाई कोर्ट के अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप ने कहा कि बच्चों के विकास में कानून या व्यवस्था से ज्यादा महत्वपूर्ण परिवार का वातावरण और संस्कार होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि घर में संवाद और समय की कमी होगी तो इसका सीधा असर बच्चों के व्यक्तित्व पर पड़ेगा। किसान साहित्यकार जितेन्द्र सिंह ने ग्रामीण जीवन मूल्यों के क्षरण पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिकता की दौड़ में समाज अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है। ÷गांव की सादगी, पारिवारिक जुड़ाव और सामूहिक जीवनशैली बच्चों को जो सीख देती थी, वह अब धीरे-धीरे खत्म हो रही है,÷। राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षक डॉ. सारंगधर सिंह ने शिक्षा व्यवस्था पर विचार रखते हुए कहा कि आज शिक्षा का उद्देश्य केवल करियर और नौकरी तक सीमित होता जा रहा है, जबकि असल जरूरत ऐसे नागरिक तैयार करने की है जो संवेदनशील, जिम्मेदार और सामाजिक मूल्यों से जुड़े हों। साहित्यकार एवं कवि कपिल देव सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि साहित्य समाज का आईना होता है और ऐसी पुस्तकें समाज को अपने भीतर झांकने का अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि 'बचपन खतरे में' जैसी कृतियां वर्तमान समय की सच्चाई को उजागर करती हैं और समाज को सही दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सोनपुर के शाहपुर गाँव निवासी लेखक सारंगधर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पुस्तक की सराहना करते हुए इस समाज के लिए उपयोगी बताया। पूर्व आरक्षी महानिदेशक बिहार डी. एन.गौतम ने लोकसेवा आश्रम में पहुंचे जहां मौनी बाबा ने उन्हें अंग बस्त्र व फूल माला पहनकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस मौके पर नित्यानंद सिंह,अमरनाथ तिवारी,अधिवक्ता ,विश्वनाथ सिंह,पत्रकार शंकर सिंह,अधिवक्ता समरजीत सिंह,साहित्यकार सीताराम सिंह, पत्रकार अवध किशोर शर्मा,पत्रकार संजीत कुमार, पंकज परमार, मनीष कुमार,साक्षी सहित भारी संख्या में क्षेत्र के बुद्धिजीवी,समाज सेवी, गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता, शिक्षा और समान अधिकारों को बढ़ावा देने का संकल्प के साथ मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** माली मालाकार कल्याण समिति, सारण के तत्वावधान में रविवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष शंकर कुमार मालाकार ने की, जबकि संचालन सतीश कुमार भक्त ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य प्रो. डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव, छपरा विधायक छोटी कुमारी, पूर्व विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शंकर कुमार मालाकार ने संगठन की ओर से कई महत्वपूर्ण मांग रखते हुए कहा कि छपरा शहर में महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर पुस्तकालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने, शहर के किसी प्रमुख चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित कर उस चौक का नाम ÷महात्मा ज्योतिबा फुले चौक÷ रखने, बिहार सरकार के पाठ्यक्रम में फुले दंपति की जीवनी शामिल करने तथा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। साथ ही विधान परिषद में माली समाज को प्रतिनिधित्व देने जैसे शामिल हैं। मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सामाजिक परिवर्तन और न्याय का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि फुले जी ने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर समानता का संदेश दिया। उन्होंने संगठन की मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए सरकार स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं विधान परिषद सदस्य प्रो. डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले को अपने जीवन में अनेक अपमान सहने पड़े, लेकिन वे अपने उद्देश्य से कभी पीछे नहीं हटे। उन्होंने जाति व्यवस्था और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया। छपरा विधायक छोटी कुमारी ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले द्वारा महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आदर्श समाज के निर्माता बताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता, जनता दल यू के जिला अध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल, भाजपा नेता शत्रुघन भक्त, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन किया। मौके पर संजय मालाकार, पृथ्वी कुमार माली, बबलू मालाकार, मुन्ना मालाकार, ललन भक्त, दीनानाथ भगत, डॉ. हरे राम भगत, राकेश भगत, राजेश सैनी, मनोज भगत, कामेश्वर भगत, लोकनाथ भगत, प्रेम भगत, अनिल भगत, डॉ. रामेश्वर भगत, जितेंद्र भगत, नागेंद्र भगत, राहुल भगत, डॉ. मिथिलेश भगत, उमाशंकर प्रसाद, संतोष भगत, अभिषेक कुमार, महेश राज सैनी, देवेंद्र भक्त, प्रदीप भगत, उपेंद्र भगत, महेश भगत, मदन भगत, मोहन भगत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।